प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 16.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

...............

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस पर आज जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने समारोह में शिरकत की। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने पुलिसकर्मियों के लिए कई घोषणाएं की। इसमें वर्दी भत्ता 7000 हजार रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये किया जाना शामिल है। वहीं कांस्टेबल से इंस्पेक्टर स्तर तक के पुलिसकर्मियों का मैस भत्ता 2400 रुपए से बढ़ाकर 2700 रुपये किया जायेगा। श्री शर्मा ने कहा कि जेलकर्मी, होमगार्ड, वनकर्मी नर्सिंगकर्मी, पैरामेडिकल स्टाफ, और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के भत्तों में जल्द ही बढ़ोतरी की जायेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सेरेमोनियल परेड की सलामी ली। उन्होंने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अफसरों और कर्मचारियों को मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक और पुलिस पदक देकर सम्मानित किया। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के मौके पर सभी जिलों की पुलिस लाइन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

.....................

मौसम केन्द्र जयपुर की ओर से आज जयपुर के बिडला ऑडिटोरियम में डेजर्ट मेटियोरोलोजी और अनुसंधान विषय पर कार्यशाला आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से जुडे मुद्दों पर विमर्श करना है। केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में बीकानेर–जैसलमेर क्षेत्र में खोले जाने वाले रिसर्च सेंटर के बारे में भी चर्चा की जायेगी। ये सेंटर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से प्रदेश के रेगिस्तानी इलाकों में जलवायु परिवर्तन पर अध्ययन करने के लिये बनाया जायेगा। कार्यशाला में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के डीजीएम डॉ. एम. महापात्रा, आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल हो रहे है।

................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की पीटीआई और लाइब्रेरियन प्रतियोगी परीक्षा का सामान्य ज्ञान का पेपर अब तीन मई को होगा। पहले ये पेपर और नीट यूजी 2025 परीक्षा एक ही दिन चार मई को होनी थी। दोनों परीक्षाओं की तारीख में टकराव को देखते हुए आयोग ने अब इसे तीन मई को कराने का निर्णय किया है। आयोग ने संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है।

................

पाली जिले में वन विभाग की ओर से मॉनसून के दौरान बडी संख्या में पौधे लगाये जायेंगे। इसके लिए विभाग की ओर से जिले की 11 नर्सरियों में साढे 14 लाख पौधे तैयार किये जा रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि इनमें गूलर, पीपल, जामुन, आम, अर्जुन और नीम सहित विभिन्न प्रजाति के पौधे शामिल हैं।

................

करौली में कल एक घर में गैस सिलेंडर के लीक होने से लगी आग की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य झुलस गए। स्थानीय लोगों और दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग से घर का सामान भी जलकर राख हो गया।

...............

प्रदेश में आज ज्यादातर स्थानों पर दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढोतरी होने की संभावना है। वहीं दक्षिण पश्चिमी राजस्थान में कहीं–कहीं हीटवेव दर्ज होने की आशंका है। मौसम विभाग ने आज बाडमेर और जैसलमेर जिले के लिये हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं 11 जिलों में ऑरेंज और यलो अलर्ट है। अगले 4–5 दिन मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान है। हालांकि एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तरी भागों में कल और परसों दोपहर के बाद हल्की बरसात हो सकती है। इस बीच प्रदेश में गर्मी के मद्देनजर प्रशासन आवश्यक व्यवस्थाएं कर रहा है। हनुमानगढ़ जिला कलेक्टर ने आदेश जारी कर महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों के कार्य का समय बदल दिया है। अब वे सुबह सात बजे से दोपहर दो बजे तक ही काम करेंगे। डूंगरपुर में जिला कलेक्टर

ने ब्लॉकस्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को बिजली पानी और स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जालोर में अस्पतालों में लू और तापघात के मरीजों के लिए विशेष इंतजाम किये गये है।

............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम 27 अप्रेल को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगी।

...................